## एक नजर में

### जिले में एसआईआर डिजिटाइजेशन में 50 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

**रतलाम।** जिले में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण डिजिटाइजेशन में 50 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है । यह महत्वपूर्ण उपलब्धि टीम वर्क और सामूहिक प्रयास का परिणाम हैं। जिले के कई बूथ लेवल अधिकारियों ने न केवल अपने सौंपे गए कार्य का 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है। बल्कि अब वे अपने सहकर्मी अन्य बी एल ओ की भी सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। जिले में बी एल ओ एवं बी एल ओ के साथ लगाई गई सहयोगी टीम द्वारा शिविरों का आयोजन कर मतदाताओं के फार्म भरवा कर डिजिटाइजेशन किया गया। एस आई आर कार्य के लिए सभी बी एल ओ एवं बी एल ओ की सहयोगी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर मिशा सिंह ने स्वयं प्रशिक्षण मे उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिया ।कलेक्टर ने फिल्ड मे जाकर बी एल ओ का काम देखा और फील्ड मे आ रही समस्याओं को समझा और तत्काल समस्याओं का समाधान कर काम को त्वरित गति से करवाया ।कलेक्टर एवं एस डी एम/ तहसीलदार ने बी एल ओ से सतत संपर्क रख काम को गति प्रदान की। फलस्वरूप रतलाम जिला 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने मे सफल रहा।

### राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम जांच शिविर आयोजित




**रतलाम।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रावटी पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एकीकृत जाँच शिविर का आयोजन डॉक्टर संध्या बेलसरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार व डॉक्टर अभिषेक अरोरा नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन से डॉक्टर दीपक मेहता मेडिकल ऑफिसर रावटी व डॉक्टर रजत सिंगारे मेडिकल ऑफिसर रावटी के द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को एच आई वी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी,हेपेटाइटिस सी व क्षय रोग के संबंध में जागरूकता का संदेश देकर ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर में रेड रिबीन क्लब से प्रोफ़ेसर रिमशा रिजिकी, स्वीटी शर्मा, भावना पाटीदार व रेड रिबीन क्लब के सदस्यों व एड्स नियत्रण कार्यक्रम हरीश बिसेन सम्पूर्ण सुरक्षा प्रोग्राम मैनेजर व उनकी टीम, विजय विसेन, प्रियंका दसोरा, संजाब कुरैशी, हिमांशु चौहान, आशीष खंडेलवाल, कविता निगम, अश्विन धुलिया, राहुल सिंगार, मनीष पाठक द्वारा सहयोग किया गया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन



**रतलाम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना खंड चिकित्सा अधिकारी बाजना डॉ जितेंद्र जायसवाल द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सेक्टर प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ संदीप वर्मा, डॉ अनिल चौहान, डॉ दीपक मेहता, डॉ रजत सिंगारे की उपस्थित में मोईन उद्दीन अंसारी बीपीएम बाजना द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम सिकल सेल, टीकाकरण कार्यक्रम,क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, अनमोल पोर्टल पर एच आर पी जानकारी को अपडेड कर उनका मैनेजमेंट करने, गर्भवती माता एफसीएम डोज़ का को पोर्टल पर चढ़ाने, एमबीएनसी कार्यक्रम अंतर्गत प्रसूता व बच्चे का फॉलोअप व सांस अभियान अंतर्गत जागरूकता करने व बच्चों को निमोनिया की पहचान व एनवीएसटी पखवाड़े अंतर्गत पुरुष नसबंदी करवाने पर अधिकारी/ कर्मचारी को 26 जनवरी को खंड चिकित्सा अधिकारी बाजना द्वारा प्रशंसा पत्र व राशि 1000/ रूपये की पुरस्कार दिए जाने की जानकारी दी गई।

### नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में निवासरत भूमिहीन एवं आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवम्बर से व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बीएलसी एवं एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु यह पहल अत्यंत महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसंबर 2020 निर्धारित किया गया है। इस तिथि तक शासकीय/नगर निकाय/विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। सर्वेक्षण 20 नवम्बर से प्रारंभ राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में विशेष अभियान के अंतर्गत भूमिहीन व्यक्तियों की पहचान के लिए सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक किया जाएगा।

# 8 लेन पर हादसा : अनियंत्रित कार ट्रक से टकराई, एयर बैग से बची जान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** 8 लेन पर फिर अनियंत्रित कार हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार से चल रही कार का संतुलन बिगड़ा और फिर यह ट्राले से जा टकराई। एयर बैग की

**शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार, चार घायल**

वजह से कार सवार यात्रियों की जान बची।

मुंबई दिल्ली एक्सप्रेसवे 8 लाइन पर शनिवार सुबह हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सूरत के कपड़ा व्यापारी पति-पत्नी और दो बच्चे गुजरात के सूरत से रवाना होकर नोएडा में वैवाहिक



आयोजन में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी शनिवार को सुबह तकरीबन 8:30 बजे काजलिया पाड़ा के यहां पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार जीजे 05 आरक्यू 1425 चार पहिया वाहन का चालक गति पर नियंत्रण नहीं रख सका और चलते हुए ट्रक के पीछे घुस गया। जानकारी के अनुसार कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी। एयर बैलून खुलने से कार सवार की जान बच गई मगर गंभीर घायल है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी को रतलाम के डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पाण्डेय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है, जहां पर साहिल कुमार (38), स्वेनका (35), बच्चे शनय (15) और श्यान (4) का उपचार चल रहा है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। प्रारंभिक जानकारी में सूरत का परिवार नोएडा में वैवाहिक आयोजन में शामिल होने जा रहा था।

**आगे से कार पूरी क्षतिग्रस्त**

कार की रफ्तार काफी तेज थी। इससे कार की ट्रक से जोरदार टक्कर हुई। इससे कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी। एयर बैलून खुलने से कार सवार की जान बच गई मगर गंभीर घायल है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

# न्यू तैयबिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सचिव पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** फर्जी मान्यता प्रमाण पत्र और आयुक्त पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक आयोग के हस्ताक्षर की फोर्ज करने पर सचिव, न्यू तैयबिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विरुद्ध डीपीसी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई।

**स्कूल द्वारा फर्जी मान्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कार्रवाई**

विभाग के अनुसार विद्यालय के पात्र छात्रों को आरटीई अधिनियम 2009 अन्तर्गत एडमिशन नहीं देने पर स्कूल की जांच करई। जांच में स्कूल के विरुद्ध 18 अगस्त को नोटिस जारी किया। नोटिस के उत्तर में स्कूल के लेटर हेड पर सचिव के हस्ताक्षर से जवाब प्रस्तुत कर आयुक्त पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग का भी मान्यता पत्र प्रस्तुत कर आरटीई अधिनियम 2009 से बाहर होने का उत्तर प्रस्तुत किया। जब उक्त पत्र पर आयुक्त के हस्ताक्षर संदिग्ध होने से पत्र की जांच की और आयुक्त कार्यालय से मार्गदर्शन लिया। कार्यालय आयुक्त पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग की ओर से पत्र जारी नहीं किए जाने की जानकारी दी और वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। फर्जीवाड़ा का कृत्य आरटीई अधिनियम अन्तर्गत पात्र बच्चों को वंचित रखने की मंशा से किए जाने और सरकारी दस्तावेज का फर्जीवाड़ा करने के कारण सचिव, न्यू तैयबिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विरुद्ध थाना दीन दयाल नगर में एफआईआर दर्ज कराई गई।

**जांच में पत्र निकला फर्जी**

समिति द्वारा प्रस्तुत पत्र पर आयुक्त के हस्ताक्षर संदिग्ध होने से पत्र की जांच की। आयुक्त कार्यालय से मार्गदर्शन लिया। कार्यालय आयुक्त पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभाग की ओर से ऐसे किसी पत्र जारी नहीं किए जाने की जानकारी दी गई और वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



# केंद्रीय विद्यालय रतलाम और रतलाम पब्लिक स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित

रतलाम।तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत रतलाम शहर के केंद्रीय विद्यालय रतलाम और निजी स्कूल रतलाम पब्लिक स्कूल को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों, ग्रामों को जन जागरूकता गतिविधियां कर तंबाकू मुक्त घोषित किया जा रहा है, साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ शिरीन खान ने केंद्रीय विद्यालय रतलाम और रतलाम पब्लिक स्कूल पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को तम्बाकू उत्पाद के हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा तंबाकू उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल एवं विभिन्न शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं अधिक उपस्थित थे।

# मतदाता हमारे प्रजातंत्र का आधार हैं : संभाग प्रभारी आर्य

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** संगठन की दृष्टि से भाजपा के नवगठित संभाग मंदसौर के प्रभारी सुरेश आर्य ने शनिवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर

**जिले में 50.83% डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण, भाजपा ने बैठक में किया तेजी लाने का आह्वान**

जिला बैठक ली । उन्होंने कहा कि मतदाता प्रजातंत्र का आधार है। एसआईआर में फर्जी मतदाता का नाम ना रहे और असल मतदाता का नाम ना छूटना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता इस कार्य में शासन का पूर्ण सहयोग करे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । इस दौरान जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, जिला महामंत्री महेश सोनी एवं जयवंत कोठारी और




एसआईआर जिला टोली संयोजक नितीन लोढ़ा मंचासीन रहे।

जिला प्रभारी श्री पाण्डेय ने कहा जिले मे एसआईआर का कार्य संतोषजनक है। कार्यकर्त्ता 2003 की सूची के बाद जो नाम बड़े है उनका अध्ययन करके बीएलओ को जानकारी दें। इससे वास्तविक मतदाता सूची मे शामिल होने से वंचित नही रहेगे। जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि जिले मे एसआईआर कार्य मे पार्टी के सभी कार्यकर्ता लगे है। उन्होंने पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की जानकारी भी दी और कहा कि संगठन की दृष्टि से भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने उज्जैन संभाग को विभक्त कर नया संभाग मंदसौर गठित किया है। एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा ने बताया कि जिले मे कुल 11,24,035 मतदाता है । इनमे से 11,18,918 को गणना पत्रक का वितरण हो चूका है। 5,71,329 मतदाता का डिजीटल कार्य कुल 50.83 प्रतिशत कार्य हो चुका है। मंडलवार हुए कार्य की जानकारी देते हुए श्री लोढ़ा ने शत- प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर सैलाना के शिवगढ़ मंडल के भोजपुरा में भाजपा के बीएलए सुखराम मईड़ा का सम्मान भी कराया। एसआईआर टोली के विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी ने रतलाम शहर, बाबुलाल कर्णधार ने रतलाम ग्रामीण, नंदनराज जैन ने आलोट, मुकेश बग्गड़ ने जावरा एवं सैलाना की नितीन लोढ़ा ने जानकारी दी। संचालन जयवंत कोठारी व आभार महेश सोनी ने माना।



# सांस्कृतिक मंच ने सेवानिवृत्त समाजजनों का किया अभिनंदन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आपके द्वारा दी गई सेवाओं के स्वरूप समाज अगर सम्मानित करता है जो निश्चित रूप से वह अन्य जितने भी सम्मान है उससे सर्वोपरि होता है। इस प्रकार के आयोजन और सम्मान से अन्य को भी प्रेरणा मिलती है।





उपरोक्त विचार श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज सांस्कृतिक मंच महिला युवा समिति द्वारा सेवानिवृत्ति समाजजनों सम्मान समारोह के दौरान अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। आयोजन शनिवार को दोपहर दो बत्ती पर आयोजित हुआ। आयोजन में सेवा निवृत्त संजय कुमार वोहरालेखा अधिकारी एमपीईबी, चंद्रप्रकाश व्यास प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जावरा,श्रीमतीसुषमा राजेंद्र दवे शिक्षक नगर निगम को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता अशोक व्यास वरिष्ठ समाजजन ने की।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कार्यकारिणी समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती अरुणेश भूपेंद्र व्यास कोषाध्यक्ष चेतन व्यास एवं सांस्कृतिक मंच के वरिष्ठ सलाहकार सुरेश चंद्र व्यास, वीपीन त्रिवेदी, भूपेंद्र व्यास, सुनील व्यास, राजेंद्र दवे उपस्थित रहे।श्री श्रीमाली ब्राह्मण सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष कमलनयन व्यास ने सेवानिवृत्ति समाजजनों का महालक्ष्मी का चित्र स्मृति स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर समाजजन अनिल ओझा ,सुनील व्यास,विपिन त्रिवेदी, भूपेंद्र व्यास,आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के दौरान श्रीमती संगीता व्यास नीमा व्यास ज्योत्सना दशोत्तर,हिना शर्मा, गोपाल दशोत्तर ,दुर्गेश शर्मा अनिल ओझा, सुरेश चंद्र व्यास, विपिन त्रिवेदी, सुनील व्यास,महेश दवे उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष कमलनयन व्यास ने व्यक्त किया।

# महिला सुरक्षा एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम में एसपी ने बच्चों से किया संवाद

रतलाम। प्रदेशव्यापी मुस्कान विशेष अभियान 1 से 30 नवम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गुम बालिकाओं की दस्तयाबी के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षा के माध्यम से समाज में बढ़ रहे अपराधो में कमी लाना है। इसी उद्देश्य के साथ एसपी अमित कुमार के निर्देशन में थाना आईए के मॉर्निंग स्टार हायर सेकंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। एसपी अमित कुमार ने स्वयं बच्चों से संवाद कर महिला संबंधी अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई 'गुड टच-बैड टच' के संबंध में जानकारी दी गई। बाल अधिकार, सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव एवं मदद के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। एसपी द्वारा बच्चों से मोबाइल एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान बच्चों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। मुस्कान विशेष अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम संपूर्ण माह भर आयोजित किए। कार्यक्रम में उप निरीक्षक ध्यान सिंह सोलंकी थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम, विद्यालय संचालक, विद्यालय के शिक्षकगण, बालक-बालिकाएँ उपस्थित रहीं। सायबर अपराध एवं सायबर फ्रॉड की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी दी। विद्यालय परिसर में नेशनल सायबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं रतलाम पुलिस सायबर हेल्पलाइन 7049127420 के पोस्टर्स चस्पा किए।

# गर्भवती माता व शिशु स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ध्यान दें : सीईओ जिपं

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सीएचओ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस करें, जिले के सभी विभागीय अमले के अधिकारी और कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य दायित्व का संवेदनशीलता पूर्वक निर्वहन करें, गर्भवती माताओं के पंजीयन का पोर्टल पर अपडेशन कार्य 26 नवंबर तक,

**जिला पंचायत ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के आईडी बनाने का कार्य एवं गर्भवती माताओं के मैनेजमेंट का कार्य 16 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए।

यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने जनपद पंचायत सैलाना में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान सीईओ सुश्री जैन ने उप स्वास्थ्य केंद्रवार गर्भवती माताओ के पंजीयन, उनके हाई रिस्क आधार पर मैनेजमेंट, गंभीर खून की कमी वाली महिलाओं की पहचान करने और आवश्यक




प्रबंधन तथा रेफरल करने, शिशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण करने, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत हाइपरटेंशन के सभी मरीजों का शत प्रतिशत फॉलो अप पूर्ण करने आदि के निर्देश दिए । बैठक के दौरान निर्देशित किया कि राज्य के बाहर से आने वाली महिलाओं के समग्र आईडी संबंधी समस्या का निराकरण जनपद पंचायत सैलाना के माध्यम से किया जाएगा। प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन कम से कम 40 मरीजों की प्रविष्टि करने, नि क्षय मित्र बनाने, फूड बास्केट का वितरण करने,स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत किए गए कार्य की केंद्र वार भी विस्तार से समीक्षा की।

बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ संध्या बेलसरे ने निर्देशित किया कि विभागीय कर्मचारी अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहकर सभी शासकीय दायित्व का निर्वहन करें तथा कार्य में प्रगति लाए, कार्य में प्रगति ना दिखने की दशा में कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आपस में चर्चा कर करके अपने डेटा का मिलान करें। बैठक के दौरान नवजात शिशुओं की गृह भेंट देखभाल करने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर ओपीडी का फुट फॉल बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समीक्षा के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र सासर, सालरापाड़ा, वाली, केलदा, नारायणगढ़, कांग़सी, कुंडा आदि की उपलब्धि कम पाई गई। सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में सीईओ जनपद पंचायत सुश्री रिया गेरा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौरव बोरीवाल, जिला एम एंड ई अधिकारी सुश्री श्वेता बागड़ी, डीसीएम कमलेश मुवेल, सी पी एच सी सलाहकार लोकेश वैष्णव, डॉ सत्येंद्र राजावत, सीबीएमओ डॉक्टर शैलेश डांगे, जिला पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर जयसिंह सिसोदिया, श्रीमती मालती विजुअल, बीपीएम धन सिंह रावत, बीसीएम श्रीमती रेखा गणावा, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी आशीष चौरसिया, डॉ नरेंद्र सालवी, अभिषेक चौरसिया एवं सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, विभिन्न सी एच ओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

**उम्मीद** | **2023 में हो गई सेवानिवृति, उसके बाद भी अब तक नहीं मिला पदनाम**

# सोलह साल से प्राध्यापक पदनाम की वाट जोह रहे सेवानिवृत्त सह प्राध्यापक

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शासकीय गर्ल्स कॉलेज रतलाम से अर्थशास्त्र विषय के सहप्राध्यापक पद से 2023 में सेवानिवृत्त हुए डॉ. मदन लाल गांगले को सेवानिवृत्ति के दो वर्ष बाद भी प्राध्यापक का पदनाम नहीं मिल पाया है। 2010 से सभी आवश्यक पात्रताएँ पूर्ण करने के बावजूद मध्यप्रदेश का उच्च शिक्षा विभाग इस मामले में अब तक उदासीन बना हुआ है। ऐसे में डॉ गांगले बीते करीब 16 सालो से प्राध्यापक पदनाम की वाट जो रहे हैं।

डॉ. गांगले ने बताया कि लंबे समय से शासन-प्रशासन के समक्ष पदनाम के लिए आवेदन और निवेदन करने के बावजूद उन्हें अभी तक केवल सह-प्राध्यापक के पद के अनुसार ही पेंशन मिल रही है। पदनाम न मिलने से न केवल उनकी पेंशन राशि प्रभावित हो रही है, बल्कि उन्हें उनके वास्तविक हक और सम्मान से भी वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से दोनों तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई बार पत्र व्यवहार और अनुस्मारक देने के बावजूद विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। डॉ. गांगले ने बताया कि 2018 में उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई प्राध्यापक पदनाम की सूची में भी उनका नाम नहीं था, पात्रता होने के बाद भी उनके नाम को शामिल नहीं किया गया, जबकि उनसे बाद के कई सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक पदनाम प्रदान कर दिया गया। लेकिन विभाग उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहा हैं और प्राध्यापक पदनाम से वंचित कर रहा हैं। पात्रता होने के बावजूद वर्षों से पदनाम नहीं मिल रहा है, जिससे राज्य के उच्च शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। डॉ गांगले ने बताया कि इस मामले में उन्होने उच्च शिक्षा मंत्रालय से लेकर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक कई पत्र प्रेषित किए, वे बीते करीब 16 सालों से प्राध्यापक पदनाम की मांग कर रहे हैं, लेकिन मामले में अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पा रही हैं। डॉ गांगले ने शीघ्रताशिघ्र प्राध्यापक पदनाम प्रदान करने के साथ एरियर राशि प्रदान करने आदेश प्रदान करने की मांग की हैं। यदि उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई तो अब डॉ गांगले मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाईन के साथ ही सीएम कार्यालय तक शिकायत दर्ज करवाने के लिए बाध्य होंगे।

**अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई : डॉ. गांगले**

डॉ. गांगले ने बताया कि इस मामले में उन्होने उच्च शिक्षा मंत्रालय से लेकर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक कई पत्र प्रेषित किए, वे बीते करीब 16 सालों से प्राध्यापक पदनाम की मांग कर रहे हैं, लेकिन मामले में अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पा रही हैं।